दिनाँक 10 अगस्त, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में बी.वॉक (रिटेल मेनेजमेन्ट) के नव आगन्तुक विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को रोजगार पूरक

वोकेशनल कोर्सेस के बढ़ते महत्व को समझाया तथा कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है. नोडल ऑफिसर डॉ0 के.एल. कौशिक ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा निर्देशों से अवगत कराया. तथा बताया कि यू.जी. सी. ने वी.वॉक कोर्स को अन्य सभी स्नातक कोर्सिस के बराबर मान्यता दी है. इस कोर्स के पश्चात विद्यार्थी सभी प्रकार के स्नातकोत्तर कोर्सेस तथा नौकरियों के लिए योग्य है. तत्पश्चात विद्यार्थियों ने नई छात्राओं के स्वागत स्वरुप रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए. बी.वॉक (रेटेल मेनेजमेन्ट) द्वितीय वर्ष की छात्रा चंदा शर्मा ने पिता विषय पर अपनी कविता प्रस्तुत की. समारोह को लेकर छात्राओं में विशेष उत्साह था. मंच संचालन वी.वॉक. द्वितीय वर्ष की छात्राओं संगीता एवं तनिका द्वारा किया गया. इस मौके पर महाविद्यालय संभाग द्वितीय की प्रभारी डॉ0 ऊषा अग्रवाल, वरिष्ट प्रवक्ता डॉ0 नरेश कामरा, डॉ0 मनोज शुक्ला, डॉ0 रामचन्द्र तथा अन्य सभी प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित थे.